# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## International Biodiversity Day Celebration

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 24-05-2022**

# हकेंवि में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय बिल्डिंग ए शेयर्ड फ्यूचर फॉर ऑल लाइफ' रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पक्षी जीवन के संरक्षण पर जोर दिया और कहा कि पशु-पक्षियों, पेड़ों की देखभाल करना हमारा नैतिक दायित्व है।

उन्होंने इस मौके पर सालभर चलने वाली फोटोग्राफी प्रतियोगिता जिसका थीम हकेंवि के पक्षी मित्रों को जानें है, की भी शुरुआत की। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध पक्षियों व प्रकृति के जुड़े विभिन्न पक्षों पर विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी कार्य करेंगे। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आने वाली आवेदनों में से पांच सर्वश्रेष्ठ आवेदनों को कुलपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य मात्र पक्षियों का संरक्षण करना ही नहीं बल्कि अन्य जीवों के विषय में भी सोचना है।

उन्होंने इस मौके पर पक्षियों के विविधता को हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत कराने का भी सुझाव दिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने जैव विविधता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर कार्यक्रम की आयोजन सचिव डा. उषा नागराजन ने प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रोक्टर प्रो. प्रमोद कुमार, आयोजन के सह-संयोजक आलेख एस. नायक, प्रो. पवन कुमार मौर्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डा. अनीता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



जैव विविधता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार( बाएं से पहले बाक्स में) ● सौ. हकेंवि

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 24-05-2022**

## पशु-पक्षियों, पेड़ों की देखभाल नैतिक जिम्मेदारी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय बिल्डिंग ए शेयर्ड फ्यूचर फॉर ऑल लाइफ रहा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पक्षी जीवन के संरक्षण पर जोर दिया। कहा कि पशु-पक्षियों, पेड़ों की देखभाल करना हमारा नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने इस मौके पर सालभर चलने वाली फोटोग्राफी प्रतियोगिता जिसका थीम हकेविवि के पक्षी मित्रों को जानें है, की भी शुरूआत की। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध पक्षियों व प्रकृति के जुड़े विभिन्न पक्षों पर विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी कार्य करेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत आने वाली आवेदनों में से पांच सर्वश्रेष्ठ आवेदनों को कुलपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य मात्र पक्षियों का संरक्षण करना ही नहीं बल्कि अन्य जीवों के विषय में भी सोचना है। उन्होंने इस मौके पर पक्षियों के विविधता को हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत कराने का भी सुझाव दिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने जैव विविधता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. उषा नागराजन ने प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. प्रमोद कुमार, आयोजन के सह-संयोजक आलेख एस नायक, प्रो. पवन कुमार मौर्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनीता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 24-05-2022**

## फोटोग्राफी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय बिल्डिंग ए शेयर्ड फ्यूचर फॉर ऑल लाइफ रहा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पक्षी जीवन के संरक्षण पर जोर दिया और कहा कि पशु-पक्षियों, पेड़ों की देखभाल करना हमारा नैतिक दायित्व है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध पक्षियों व प्रकृति के जुड़े विभिन्न पक्षों पर विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी कार्य करेंगे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Impressive Times** **Date: 24-05-2022**

## CUH LAUNCHED PHOTOGRAPHY COMPETITION ON INTERNATIONAL BIODIVERSITY DAY

**MAHENDERGARH(TIT NEEWS):** Green Campus Clean Campus Club & Department of Journalism and Mass Communication, Central University of Haryana has celebrated International Biodiversity Day via online mode. The theme of International Day for Biological Diversity is 'Building a shared future for all life'. First of all, Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor and chief guest of the day emphasized the need for conservation of birdlife in the campus and reiterated that it is our moral duty to take care of birds, animals, trees, food etc. He also emphasized that this day will be celebrated throughout the year in campus and launched photography competition on the theme "Know Your CUH Bird Friends". The main aim of this year-long event is to document the diversity of Birds in CUH campus. This competition is open for Faculty, Staff members and Students of the University. All the entries will be evaluated and five best entries will be awarded by the Vice-Chancellor. Prof. Dinesh Kumar, Dean Academics also briefed the audience about the biodiversity and conservation of not only birds but other species also. He also suggested that the bird diversity will also be registered under the "People's Biodiversity register" under Haryana State Biodiversity Board. Prof. Surender Singh, Convener of the programme has sensitized the audience to increase the understanding and awareness about biodiversity issues. He stressed upon preserving the biodiversity so that coming generations can also use them, relish them. Dr. Usha organizing secretary of the programme, briefed about the photography competition. Teaching, non -teaching fraternity and students had joined the event. Prof. Surender Singh, Convener, Prof. Parmod Kumar, Proctor, Dr. Alekha, Co-convener and Dr. Usha Nagarajan, Organizing Secretary has put their efforts into launching the event in a systematic way. Dr. Anita Kumari proposed the vote of thanks.



# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 24-05-2022**

## हकेंवि में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता का शुभारंभ

महेंद्रगढ़, 23 मई (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय बिल्डिंग ए शेयर्ड फ्यूचर फॉर ऑल लाइफ रहा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पक्षी जीवन के संरक्षण पर जोर दिया और कहा कि पशु-पक्षियों, पेड़ों की देखभाल करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने इस मौके पर सालभर चलने वाली फोटोग्राफी प्रतियोगिता जिसका थीम हकेंवि के पक्षी मित्रों को जानें है, की भी शुरूआत की।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध पक्षियों व प्रकृति के जुड़े विभिन्न पक्षों पर विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी कार्य करेंगे। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत




*जैव विविधता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

आने वाली आवेदनों में से 5 सर्वश्रेष्ठ आवेदनों को कुलपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य मात्र पक्षियों का संरक्षण करना ही नहीं बल्कि अन्य जीवों के विषय में भी सोचना है।

उन्होंने इस मौके पर पक्षियों के विविधता को हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत करवाने का भी सुझाव दिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने जैव विविधता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. उषा नागराजन ने प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रोक्टर प्रो. प्रमोद कुमार, आयोजन के सह-संयोजक श्री आलेख एस. नायक, प्रो. पवन कुमार मौर्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनीता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।